खबर संक्षेप




## कहासुनी होने पर किया तेजधार हथियार से हमला

**यमुनानगर।** शहर के ओपी जिंदल पार्क के पास कहासुनी होने पर दो युवकों ने दो दोस्तों पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार ग्रीन पार्क निवासी मानिक तनेजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 अप्रैल को शाम साढ़े सात बजे अपने दोस्त आजाद नगर निवासी दलजीत के साथ शहर के ओपी जिंदल पार्क के पास किसी काम से गए थे। इस दौरान वहां पर उसकी अर्जुन व साहिल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद आरोपियों ने उन दोनों पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मानसून से पहले नाले होंगे साफ, स्टॉर्म वाटर ड्रेन का रुका काम जल्द होगा शुरू

## मेयर सुमन बहमनी ने स्टॉर्म वाटर ड्रेन व नाले का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

मेयर ने बताया कि 11.84 करोड़ की लागत से डाली जा रही स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम बाईपास पुल के नीचे गुलाब नगर के पास प्राइवेट जमीन का विवाद होने के कारण रुका है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बरसाती पानी की निकासी के लिए कन्हैया साहिब चौक से डिच ड्रेन तक नगर निगम द्वारा अमरुत स्कीम के तहत स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन डालने का रुका हुआ काम शुरू होने की आस जगी है। मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को रुके हुए कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने दावा जताया कि स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन का रुका हुआ कार्य जल्द शुरू होगा।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि 11.84 करोड़ की लागत से डाली जा रही स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम बाईपास पुल के नीचे गुलाब नगर के पास प्राइवेट जमीन का विवाद होने के कारण रुका हुआ है। मगर इसे जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने जल साइट का निरीक्षण करने के बाद संबंधित अधिकारियों व आसपास के लोगों से बातचीत की। निगम अधिकारियों ने उन्हें बताया कि रेलवे लाइन के नीचे से पाइप निकालने का कार्य रेलवे विभाग की ओर से किया जाना है। इसके लिए उन्हें रुपये जमा करवा दिए है। इसके अलावा रेलवे लाइन के पास जिन लोगों की प्राइवेट जमीन है। उनसे भी बातचीत हो चुकी है। रेलवे लाइन के दोनों तरफ स्टॉर्म वाटर ड्रेन डाले जाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। कुछ ही दूरी का यह हिस्सा बचा हुआ है। जिसका काम जल्द शुरू कर इसे पूरा किया जाएगा। मेयर बहमनी ने अधिकारियों को जल्द से इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम पूरा किया जाएगा। ताकि बरसाती सीजन में शहरी क्षेत्र के नाले ओवरफ्लो होने व आसपास के क्षेत्रों में जलभराव होने की समस्या न हो।



**यमुनानगर।** बाईपास के पास स्टॉर्म वाटर ड्रेन की जगह का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश देते मेयर सुमन बहमनी।

### विश्वकर्मा चौक के पास नाले का किया निरीक्षण

स्टॉर्म वाटर ड्रेन के निरीक्षण के साथ ही मेयर सुमन बहमनी ने विश्वकर्मा चौक के पास बड़े नाले का निरीक्षण किया। यह नाला जगाधरी से निकलकर सेक्टर 17, प्रोफेसर कॉलोनी, मॉडल टाउन, टैगोर गार्डन, लाजपत नगर समेत विभिन्न कॉलोनियों से होता हुआ विश्वकर्मा चौक और विश्वकर्मा चौक से कैंप, पुराना हमीदा से होता हुआ डिच ड्रेन में जाकर गिरता है। सुमन बहमनी ने नाले का निरीक्षण किया और सफाई अधिकारियों को इसकी गहनता से सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले शहर के सभी नालों की सफाई कराई जाएगी। ताकि किसी भी कॉलोनी में जलभराव की समस्या न हो।


**यमुनानगर।** गांव अलाहर में सफाई न होने से गंदगी से अटी पड़ी नाली। फोटो : हरिभूमि

## सफाई व्यवस्था नहीं होने से परेशान हैं गांव अलाहरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव अलाहर में सफाई व्यवस्था चरमराने को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष है। गलियों व नालियों की साफ सफाई कई दिनों से नहीं की गई। जिस कारण ग्रामीणों में पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। यही नहीं स्ट्रीट लाइटें भी खराब हो चुकी हैं। जिस कारण गलियों में हर समय अंधेरा रहता है। वहीं नालियां भी टूटकर बिखर चुकी हैं।

गांव के प्रवेश कांबोज, दिपांशु, महक, ऊषा, दिनेश, पवन व सुखबीर आदि ने बताया कि गांव की गलियों व नालियों की साफ सफाई न होने से सांप बिच्छु घरों में आने लगे हैं। जिससे हर समय उनकों सांपों का डर लगा रहता है। नालियों में सफाई न होने से रूके हुए पानी में कीडे व मच्छर पैदा होने लगे हैं।

इस संबंध में सरपंच से कई बार साफ-सफाई करवाने की मांग की गई। लेकिन समस्या का आज तक समाधान नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि पंचायत की अनदेखी के कारण ही उनकी गली में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की कि पंचायत की ओर से उनकी गली व नाली की जल्द से जल्द सफाई करवाई जाए।

# आग लगने पर खुद और दूसरों की जानमाल की करें सुरक्षाः विलशन

■ मुकंदलाल नेशनल सीसे स्कूल में आग से बचाव को लेकर गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में मंगलवार को आग और सुरक्षा विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के अध्यापक एवं मुख्य वक्ता विलशन कुमार ने कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा से बचाव के उपाय की जानकारी विस्तार से दी।

मुख्य वक्ता विलशन कुमार ने बताया कि अग्नि सुरक्षा से तात्पर्य आग को रोकने, आग से संबंधित दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने, आग लगने की स्थिति में व्यक्तियों, संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की जाने वाली सावधानियां, प्रक्रियाएं और उपायों का ज्ञान होना बेहद जरुरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को आग से बचाव के लिए विभिन्न उपाय बताए। मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बच्चों को आग लगने की स्थिति से स्वयं बचने और दूसरों को बचाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सचिन कुमार व अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे।


यमुनानगर। मुकंदलाल स्कूल रादौर में आयोजित गोष्ठी में आग से बचाव के उपाय बताते मुख्य वक्ता।

## चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर चुराई नकदी व आभूषण, पांच ट्यूबवेल से मोटरें भी चोरी की, केस

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव घिलौर माजरी निवासी बाला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 अप्रैल को घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। जब शाम को वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पेटी से सोने का ताबीज, कोका, बालियां व 20 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, गांव अलाहर निवासी नंदन किशोर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने रात को उनके घर में घुसकर पांच कोके, दो जोडी कानों के झुमके, दो जोड़ी पाजेब, एक कड़ा, दो चेन, चार चुकटियां, छह चांदी की अंगूठियां व दो हजार रुपये चोरी कर लिए। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरों ने एक रात में पांच ट्यूबवेल से चुराई मोटरें

गांव लाक्कड़मय प्रतापपुर निवासी प्रवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 अप्रैल की शाम को खेतों से काम खत्म करके घर आ गए थे। सुबह जब वह खेतों में गए तो उसे ट्यूबवेल के कमरे की दीवार टूटी मिली। जांच करने पर अंदर से मोटर गायब मिली। इस दौरान उसे सूचना मिली कि चोरों ने उनके पड़ोसी गोपाल, मेनपाल, महिंद्र व राजकुमार के ट्यूबवेल से भी मोटरें चोरी कर ली है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मालमे की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# राजकीय वमावि ललहाड़ी कलां के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

■ कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल किशोर ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



हरियाणा राजकीय अनुसूचित जाति अध्यापक संघ के तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललहाड़ी कलां में कार्यक्रम का आयोजन कर मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल किशोर ने की। प्रधानाचार्य कमल किशोर ने बताया कि हरियाणा राजकीय अनुसूचित जाति अध्यापक संघ द्वारा स्कूल के इस वर्ष शैक्षणिक सत्र के दौरान अपनी कक्षा के परीक्षा परीणामों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री भेंटकर सम्मानित करने के लिए संघ के सदस्यों का आभार प्रक्ट किया। प्रधानाचार्य कमल किशोर ने बताया कि अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ द्वारा स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने का मुख्य उदेश्य अन्य बच्चों को भी अपनी परीक्षा में अच्छे अंक लेने के लिए प्रेरित करना है।

# साइक्लोथॉन रैली 2.0 स्वस्थ जीवन की ओर एक सशक्त पहल : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ 18 को रादौर से दामला तक व 19 को दामला से यमुनानगर, छछरौली, बिलासपुर, सढ़ौराए व नारायणगढ़ जाएगी।

हरियाणा सरकार के आदेशों की पालना में स्टेटवाइड अवेयरनेस ऑफ ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन रैली 2.0 स्वस्थ जीवन की ओर एक सशक्त पहल है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार स्टेटवाइड अवेयरनेस ऑफ ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन रैली 2.0 अंडर ऐजिज ऑफ हरियाणा उदय के अंतर्गत युवाओं व आमजन को नशा मुक्त के बारे में जागरूक करने हेतु जिला हिसार से डबवाली, सिरसा तक साइक्लोथॉन 2.0 साइकल रैली निकाली जा रही है। यह रैली जिला यमुनानगर में 18 अप्रैल को रादौर से दामला तक व 19 अप्रैल को दामला से यमुनानगर, छछरौली, बिलासपुर, सढ़ौराए व नारायणगढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि रैली का उद्देश्य केवल साइकिल चलाना नहीं है। बल्कि यह एक जन आंदोलन है जो युवाओं, छात्रों, बुजुर्गों और हर वर्ग के नागरिकों को जोड़ने का माध्यम बनेगा। आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष अपील की गई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि साइक्लोथॉन रैली समाज को यह सिखाने का माध्यम है कि एक छोटी सी आदत जैसे कि साइकिल चलाना हमारे जीवन को कितना बड़ा सकारात्मक मोड़ दे सकती है। इस रैली के माध्यम से हम नशे के खिलाफ एक सशक्त और एकजुट संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे इस आयोजन का हिस्सा बनें और इसे सफल बनाएं।

उन्होंने बताया कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह शरीर को चुस्त रखने के साथ.साथ मानसिक तनाव को भी कम करता है। नशे से दूरी बनाए रखने के लिए यह एक सकारात्मक विकल्प हो सकता है। हमारी कोशिश है कि इस रैली के माध्यम से अधिक से अधिक लोग प्रेरित हों।

## बाबा साहेब ने कुरीतियों को दूर करने के लिए किया संघर्ष

**यमुनानगर।** यूथ कराटे एसोसिएशन ऑफ यमुनानगर द्वारा मंगलवार को शहर के सेक्टर-17 स्थित एक्सीलेंस लाइब्रेरी में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कानून अधिकारी मोहित बिहाने उपस्थित हुए। मुख्यातिथि व अन्य लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। समारोह में मुख्यातिथि ने बाबासाहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की बाबासाहेब एक साहसी और निडर व्यक्तित्व के मालिक थे। बाबासाहेब ने समाज में फैली बहुत सी कुरीतियों को दूर करने के लिए बहुत संघर्ष किया और उसमें कामयाबी पाई। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही समाज में दबे कुचले लोगों और अनुसूचित जाति के लोगों को सिर उठाकर चलने के योग्य बनाने का श्रेय बाबासाहेब को जाता है। मौके पर लाइब्रेरी संचालक नवदीप सिंह, संघ के प्रधान पूनम रानी, उप प्रधान नरेंद्र सिंह, महासचिव विकास बमणिया, खजांची सुरेंद्र राणा, नवदीप और हर्ष कुमार आदि उपस्थित थे।

# मुकंद लाल नागरिक अस्पताल में शिविर का आयोजन, 25 युवाओं ने किया रक्तदान

■ फर्स्ट एड का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सहयोग से हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला रेडक्रॉस समिति यमुनानगर कार्यालय में फर्स्ट एड का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सहयोग से मुकंद लाल नागरिक अस्पताल बल्ड बैंक यमुनानगर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशि भूषण ने कहा कि रैडक्रास के रक्तदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों के तहत ही आज फर्स्टएड प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लिया जा रहा है, जिसमें कुछ विद्यार्थियों ने प्रथम बार रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा रक्तदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन उपायुक्त के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी शीशपाल सिंह सोही ने कहा कि केवल मानव रक्त से ही रक्त की प्रतिपूर्ति कर मानव जीवन को बचाया जा सकता है। स्वस्थ व्यक्ति या महिला को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।


**यमुनानगर।** ब्लड बैंक में रक्तदान करने वाले रक्तदाता अपने प्रमाण-पत्र दिखाते हुए।

### ये रहे मौजूद

मौके पर दीपक कुमार, हरजिंद्र, जोगिंद्र, अरूण कुमार, जसमेर, तारा चंद, राहुल, विक्रम, विशाल, गौरव, योगेश, जयप्रकाश आदि मौजूद थे।

## सरकारी उच्च विद्यालय मंडेबरी में जागरूकता कार्यक्रम

# हर महिला के पास होनी चाहिए दुर्गा शक्ति एप्प : एएसआई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ गुड टच व बैड टच तथा साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया

सेफ सिटी कैम्पेन के तहत मंगलवार को सरकारी उच्च विद्यालय मंडेबरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को क्राइम अगेंस्ट वूमेन, पोक्सो एक्ट के प्रावधान, दुर्गा शक्ति एप, गुड टच व बैड टच के बारे तथा साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। महिला थाना की एएसआई नीलम ने छात्राओं को उनकी सुरक्षा संबंधित बहुत अच्छी जानकारी प्रदान की। एएसआई नीलम ने असामाजिक तत्वों द्वारा की गई किसी भी प्रकार की अभद्र हरकत का डटकर मुकाबला करने के संबंध में जागरूक किया। इसके लिए 112 एप्प व दुर्गा शक्ति एप्प के महत्व बारे जानकारी दी। उन्होंने सभी से अपील की कि यह दोनों एप्प हर महिला के पास होनी चाहिए। इनकी सहायता से वे किसी भी समय विकट परिस्थिति में पुलिस की मदद ले सकती हैं। अगर महिला रात के समय कहीं से आ रही हो या जा रही हो वह अकेली होने पर भी किसी भी परिस्थिति में खुद को असुरक्षित महसूस न करे। आपकी एक कॉल पर महिला पुलिस आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी व ट्रिप मॉनिटरिंग के तहत महिला को उसके गंतव्य स्थान पर सकुशल पहुंचा देगी। एएसआई नीलम ने कहा कि जिला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से तत्पर है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जगह-जगह जिला पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार स्कूल और कॉलेज के सुबह खुलने तथा छुट्टी होने के समय सुरक्षा की दृष्टि से पूरी सावधानी बरती जा रही है तथा वहां पर घूम रहे आवारा किस्म के लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# मानवता की सेवा स्वयंसेवक का सच्चा चरित्र : डॉ करुणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी की राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों की टीम मंगलवार को वृद्धाश्रम जगाधरी के लिए रवाना हुई। इस दौरान उन्होंने वहां पर फल वितरित किए। कॉलेज की कार्यकारी प्रिंसीपल डॉ.करूणा ने कहा कि युवाओं को प्रेम, देखभाल और स्नेह फैलाने का कारण बनना चाहिए और यही उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रोफेसर गौरव बरेजा और डॉ.उषा के नेतृत्व में वृद्धाश्रम के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने राष्टीय सेवा योजना यूनिट द्वारा आयोजित सात दिन के शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी गौरव बरेजा के आह्वान पर कि हम सब स्वेच्छा से नियमित अंतराल पर निश्चित राशि एकत्र कर वृद्धाश्रम में फलों आदि का वितरण करेंगे। इसे पूरा करने के लिए स्वयंसेवकों की दोनों इकाइयों के सेवकों ने राशि जुटाई और इस सामाजिक कार्यक्रम का हिस्सा बने। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि छात्रों को एक तर्कशील और संवेदनशील युवा बनाया जाए ताकि वे समाज का बेहतर ढंग से ध्यान रख सकें।



**खबर संक्षेप**

### फसल अवशेषों में आग न लगाएं : डा.कर्मचंद

कुरुक्षेत्र। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा.कर्मचंद ने कहा कि लोग गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग लगा देते हैं जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है और भूमि की उर्वरता में कमी आती है, साथ ही जान माल की हानि का डर भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा फसल अवशेषों में आगजनी करने पर पूर्ण प्रतिबंध भी लगाया हुआ है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग न लगाएं बल्कि इसको पशु चारे के तौर पर या खेत में ही मिलाकर उपयोग करें। अभी अगली फसल के लिए काफी समय बचा हुआ है तो जल्दबाजी में कार्य न करे, सावधानी रखें।

### फसल अवशेषों का करें उचित प्रबंधन : एसडीएम

पिहोवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि आमजन गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग न लगाएं, बल्कि इसका उचित प्रबंधन कर पशु चारे के तौर पर या खेत में ही मिलाकर उपयोग करें। अभी अगली फसल के लिए काफी समय बचा हुआ है तो जल्दबाजी में कार्य न करें, सावधानी रखें और अपनी फसल पूरी तरह सुखाकर ही अनाज मंडी में लाएं। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि लोग गेहूं फसल को कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग लगा देते हैं जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है और भूमि की उर्वरता में कमी आती है, साथ ही जान माल की हानि का डर भी बना रहता है।

## 26 विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित, 171 को मिलेगी डिग्रियां

# श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में पहला दीक्षांत समारोह 18 को



कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय।



- कार्यक्रम में राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र स्थित श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय अपने पहले दीक्षांत समारोह के आयोजन की ऐतिहासिक घड़ी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 18 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस दीक्षांत समारोह में हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विद्यार्थियों को आशीर्वाद देंगे। यह भव्य आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में नव-निर्मित मल्टी पर्पज हॉल में होगा, जिसे साढ़े नौ करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। हॉल को अंतिम रूप देने का कार्य जोरो से चल रहा है। दीक्षांत समारोह के साथ-साथ इस आधुनिक सुविधाओं से लैस इस हॉल का उद्घाटन भी महामहिम राज्यपाल द्वारा ही किया जाएगा। 17 अप्रैल को फाइनल रिहर्सल की जाएगी,ताकि कार्यक्रम की सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकें। दीक्षांत समारोह में 26 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित करने के साथ-साथ स्नातक और स्नातकोत्तर के कुल 171 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इनमें बीएएमएस सत्र 2018-19 के 45 विद्यार्थी, पीजी सत्र 2019-20 के 24 विद्यार्थी, सत्र 2020-21 के 30 तथा पीजी सत्र 2021-22 के 72 विद्यार्थी शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को भी समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### दीक्षांत समारोह एक ऐतिहासिक क्षण होगा



कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है,बल्कि छात्रों के जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय का उत्सव होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय का हर कर्मचारी और अधिकारी पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य में जुटे हुए है। विश्वविद्यालय इस ऐतिहासिक क्षण को अविस्मरणीय बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहा

### तैयारियों को लेकर कुलपति ने ली समीक्षा बैठक

*कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, विभागाध्यक्षों और समिति सदस्यों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और उन्होंने समारोह को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के इतिहास का पहला और सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसे सभी को मिलकर स्मरणीय, अनुशासित और भव्य बनाना है। उन्होंने साफ कहा कि विशिष्ट अतिथियों के स्वागत से लेकर मंच संचालन, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और सफाई तक हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जाए। कुलपति ने कहा कि कार्यक्रम की हर जिम्मेदारी तय समय पर और सर्वोच्च गुणवत्ता के साथ पूरी होनी चाहिए। इस मौके पर कुलसचिव प्रोफेसर ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, डीन एकेडमिक अफेयर प्रोफेसर जितेश कुमार पांडा, डीएसडब्ल्यू डॉ. विदुषी त्यागी, डीन रिसर्च पीजी स्टडी प्रो. आशीष मेहता, प्रॉक्टर डॉ. राजा सिंगला, परीक्षा नियंत्रक प्रो. रणधीर सिंह, प्रो. शीतल, प्रो. सीमा आदि मौजूद रहे।*

# खाद्य आपूर्ति एवं हैफेड ने 31,846 मीट्रिक टन गेहूं का किया उठान

- खाद्य आपूर्ति, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी ने खरीद कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन तीनों एजेंसियों ने 1 लाख 72 हजार 412 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में गेहूं का 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि खाद्य आपूर्ति ने 18984 एमटी व हैफेड ने 12469 एमटी की लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गेहूं की खरीद करने के लिए 23 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कापोरेशन की तरफ गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा है। इस सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा अमीन में 382, बाबैन मंडी से 7325 एमटी, भौर सैयदा 892 एमटी, गुमथला गढ़ू से 3861 एमटी, इस्माइलाबाद से 15500 एमटी, झांसा से 1399 एमटी, कराह साहिब से 5096 एमटी, कुरुक्षेत्र से 17205 एमटी, लाडवा से 12760 एमटी, नलवी में 95 एमटी, नीमवाला से 1396 एमटी, पिहोवा से 19356 एमटी, पिपली से 7095 एमटी, शाहबाद से 5745 एमटी, थाना से 1139 एमटी व ठोल से 4018 एमटी सहित कुल 1 लाख 3 हजार 264 एमटी गेहूं खरीदा है। इसी तरह हैफेड ने अजराना कलां से 1320 एमटी, बोधनी से 2368 एमटी, चढ़ुनी जटान से 741 एमटी, गुमथला गढ़ू से 410 एमटी, इस्माइलाबाद से 7980 एमटी, लुखी से 857 एमटी, मलिकपुर से 2531 एमटी, पिहोवा से 14458 एमटी, पिपली से 2810 एमटी, शाहाबाद से 7295 एमटी सहित कुल 65963 एमटी गेहूं खरीदा है।

### ऑनलाइन टीचर डायरी का विरोध करेगा प्राथमिक शिक्षक संघ : देवदत्त



कुरुक्षेत्र। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले विभाग द्वारा एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन डायरी लिखने के विरोध में 17 अप्रैल को जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगा। संघ की जिला कार्यकारी समिति के अध्यक्ष देवदत्त ने बताया कि यह आदेश व्यावहारिक तौर पर बिल्कुल भी संभव नहीं है एक प्राथमिक शिक्षक जिसके पास दो से तीन कक्षाएं हैं वह सभी कक्षाओं की डायरी अपडेट नहीं कर पाएगा और इसमें समय भी बहुत व्यर्थ होगा। वहीं समय जो बच्चों को पढ़ाने में लगना चाहिए । वह प्रतिदिन इन ऑनलाइन कार्यों में व्यर्थ में व्यतीत होगा जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होगा। इसके अलावा भी बहुत सारे काम जैसे अपनी व बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी लगाना, मिड डे मील खाने वाले बच्चों की संख्या को ऑनलाइन दर्ज करना होता है। उन्होंने बताया कि सरकार ऐसे तुगलकी फरमान जारी कर बच्चों को पढ़ाई से वंचित कर रही है। सरकार का यह ऑनलाइन कार्य करने का सिलसिला दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है और गरीब बच्चे जो बहुत आस से सरकारी स्कूलों में दाखिला लेते हैं शिक्षा उनसे दूर होती जा रही है यदि ऐसे ही सरकारी स्कूलों में प्रयोग होते रहेंगे तो एक दिन ऐसा होगा कि सरकारी स्कूल केवल प्रयोगशाला बनकर रह जाएगा।

### कुवि के 56 छात्र वेतन युक्त ओजेटी के लिए चुने

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दूरदर्शी नेतृत्व ने एक बार फिर यूआइईटी संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। गौरतलब यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 8 अप्रैल 2025 को पैडजेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राईवेट लिमिटेड (डिक्सन टैक्नोलॉजीज की सहायक कंपनी) द्वारा आयोजित पूल कैंपस ड्राइव संपन्न हुआ। इस ड्राइव में 317 इंजीनियरिंग छात्रों ने पंजीकरण किया, जिनमें से 56 प्रतिभाशाली छात्रों को कंपनी द्वारा अप्रेंटिस एक्ट (एनएटीएस स्कीम) के तहत वेतन युक्त ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) के लिए चुना गया।

# लॉ फेस्ट की विवरणिका का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को विधि विभाग के तीन दिवसीय विधि उत्सव (लॉ फेस्ट) की विवरणिका का विमोचन किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विवरणिका का विमोचन करते हुए छात्रों को विधिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। यह उत्सव छात्रों के लिए विधिक ज्ञान, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का समन्वय प्रस्तुत करता है। विधि संकाय की अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति जैन ने बताया कि तीन दिवसीय विधि उत्सव (लॉ फेस्ट) का आयोजन 16 से 18 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा। उन्होंने बताया कि विधि उत्सव के अंतर्गत कई विधिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां



आयोजित की जाएगी, जिनमें प्रमुख इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता जिसमें 15 टीमों ने पंजीकरण कराया है। प्रतिभागी छात्र न्यायिक प्रक्रिया की व्यवहारिक प्रस्तुति देंगे। नुक्कड़ नाटक पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें समाज को हरित भविष्य की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया जाएगा। ला फेस्ट का समापन समारोह 18 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रो. महाबीर रंगा, डॉ. प्रोमिला, डॉ. प्रियंका, डॉ. अंजू, डॉ. आरुषि मित्तल, डॉ. पूजा, डॉ. प्रीति भारद्वाज आदि मौजूद थे।

### डॉ. अम्बेडकर एक महान राजनीतिज्ञ : कटारिया

कुरुक्षेत्र। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सूरजभान कटारिया ने कहा है कि संविधान निर्माता



डॉ.अम्बेडकर एक महान भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। भारतीय संविधान के निर्माता, सामाजिक न्याय के पुरोधा, क्रांन्तिकारी डॉ भीमराव आंबेडकर को सिर्फ शोषित, वंचित, पिछड़ो के नेता तक ही सीमित करना जातिगत मानसिकता का परिचायक है। डॉ. बी. आर. आंबेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी गांव मथाना के चेयरमैन सूरजभान कटारिया ने कहा कि आज हमें अगर कहीं भी खड़े होकर अपने विचारों की अभिव्यक्ति करने की आजादी है, समानता का अधिकार है तो यह डॉ आंबेडकर जी के संघर्षों से मुमकिन हो सका है। भारत वर्ष का जनमानस सदैव उनका कृतज्ञ रहेगा। चेयरमैन कटारिया ने कहा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर, देश -समाज के अहम कार्यो से सर्वश्रेष्ठ बने है, ऐसे महापुरुष बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर दलित समाज के ही नहीं देश के धरोहर है। ह स अवसर पर सेवा स्तंभ संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार राहुल, महिपाल फूले, धर्म सिंह क्रांति, राजपाल, भारतीय खाद निगम से सेवानिवृत प्रबंधक पंजाब सिंह, वन विभाग से सेवानिवृत जगमाल सिंह चंदेल, पवन कुमार तथा विजय जागलान आदि उपस्थित थे।

# गीता कन्या विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत कम्युनिटी डे मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं वंदना से की

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत कम्युनिटी डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं वंदना से की गई। तत्पश्चात मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर, गीता निकेतन विद्या मंदिर मोहन नगर और गीता सह शिक्षा से आए हुए विद्यार्थियों एवं गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को अटल टिंकरिंग लैब की जानकारी दी गई। पिछले वर्ष कि तरह इस वर्ष भी कम्युनिटी डे ऑनलाइन माध्यम से



मनाया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों को जूम मीटिंग के माध्यम से जोड़ा गया। गीता कन्या विद्यालय की सभी छात्राओं ने स्वचालित सेना द्वार जैसे प्रोजेक्ट्स दिखाए और उन्हें विस्तार से बताया । इस कार्यक्रम में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला जी व मेजर नितिन बाली, गीता सह शिक्षा और गीता निकेतन विद्या मंदिर विद्यालय से विज्ञान आचार्या जी उपस्थिति रहीं।

### लू से बचने के लिए अपनाएं जरूरी निर्देश

पिहोवा। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने हीट-वेव यानि लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किये है। हीट वेव के दुष्प्रभावों को कम करने के हर संभव प्रयास करें। गर्मी की लहर से संबंधित प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए जनता को जागरूक करना भी जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाए ताकि लोग अत्यधिक गर्मी से बचाव कर सकें। एसडीएम ने कहा कि शिशुओं, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं और वृद्ध लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### नीमा ने डॉ. मनीश कुकरेजा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय समन्वित संघ की कुरुक्षेत्र इकाई की एक विशेष सभा का



आयोजन राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिपली में स्थित निजी होटल में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ ऋषि पाल मथाना व पिपली के वार्ड दस के नवनियुक्त पार्षद पंकज खन्ना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य व आयुष विश्वविद्यालय के कोर्ट सदस्य डॉ. मनीश कुकरेजा को उनके द्वारा स्वास्थ्य एवं समाज सेवा को समर्पित सेवाओं के फलस्वरूप नीमा प्रधान डॉ राजीव अत्री व सदस्य डॉ. आरडी. शर्मा द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह अवार्ड अपनी पत्नी डॉ. नीलम कुकरेजा सहित स्वीकार किया तथा इसके लिए नीमा के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।

# विद्यार्थियों ने की अटल कार्यशाला में सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

एटीएल समुदाय दिवस के अवसर पर गीता निकेतन आवासीय विद्यालय द्वारा अटल कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें गीता निकेतन सेक्टर 3 के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि और ज्ञान को बढ़ावा देना था। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विभिन्न विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषयों पर प्रयोग और गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने रोबोटिक्स, कोडिंग और विज्ञान के




विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय आचार्य हरप्रीत ने कहा कि अटल कार्यशाला हमारे विद्यार्थियों के लिए एक अद्वितीय अवसर है जिससे वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। कार्यशाला के आयोजन से विद्यार्थियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि और ज्ञान में वृद्धि हुई और उन्हें भविष्य में इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को नहीं मिलेगा आठवें वेतन आयोग का लाभ : कुलभूषण

कुरुक्षेत्र। केंद्र सरकार द्वारा गठित आठवें वेतन आयोग द्वारा हाल ही में एक प्रेस रिलीज में यह स्पष्ट किया गया है के आठवें वेतन आयोग का लाभ उन कर्मचारीयों या पेंशनर्स को मिलेगा जो जनवरी 2026को सेवा में होंगे या रिटायर होंगे। इससे सरकार की यह मंशा बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि वह 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का कोई लाभ नहीं देना चाहती। उक्त आरोप लगाते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के मुख्य प्रवक्ता कुलभूषण शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एक तरफ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वित्त सचिव कर्मचारी संगठनों को यह आश्वासन देकर गुमराह कर रहे हैं कि सरकार द्वारा ऐसा कोई बिल पास नहीं किया गया जिसमें 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को आगामी आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों से वंचित किया गया हो, दूसरी तरफ आठवे वेतन आयोग की गठित कमेटी यह बयान देती है कि आने वाले आठवें वेतन आयोग के तहत 2026से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। आठवें वेतन आयोग की कमेटी के इस ब्यान ने देश और प्रदेश के लाखों पैंशन भोगियों को चिंता में डाल दिया है।





### नवीन जिंदल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट ने दी स्वास्थ्य सेवाएं

- 16 लोगों के ब्लड और यूरिन के टेस्ट भी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर की फौजी कालोनी में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 63 लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दी गई। इन कैंपों में 16 लोगों के ब्लड और यूरिन के टेस्ट भी किए गए। इस मौके पर मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल, मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। इन मेडिकल युनिटों से काफी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तीन मोबाइल मेडिकल यूनिटों का संचालन किया जा रहा है। ये मोबाइल मेडिकल यूनिट गांवों और कस्बों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है।

**कार्यक्रम** पीएम मोदी ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के नागरिकों को राम-राम का संदेश पहुंचाने के लिए कहा

1 हजार 70 करोड़ रुपये की लागत से रेवाडी बाईपास योजना का उद्घाटन

# प्रधानमंत्री के दौरे से हरियाणा के बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों को मिली नई गतिः सुधा

तरुण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र

जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के नागरिकों को राम राम का संदेश नागरिकों तक पहुंचाने के लिए पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा को कहा। इस संदेश को पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विभिन्न प्रचार-प्रसार के माध्यम से कुरुक्षेत्र के नागरिकों तक पहुंचाने का काम किया। इतना ही नहीं यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंद लम्हों में ही धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के विकास के बारे में पूर्व राज्यमंत्री से जाना। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने यमुनानगर विकसित हरियाणा, विकसित भारत जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया और शिष्टाचार के नाते बातचीत भी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिलते ही कुरुक्षेत्र के



नागरिकों को राम राम का संदेश पहुंचाने के लिए कहा और धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में चल रहे केन्द्र और राज्य सरकार के बड़े प्रोजैक्ट के बारे में भी पूछा। इन चंद लम्हों में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के विकास की फीडबैक लेने का काम किया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हरियाणा के विकास को तेज गति के साथ आगे बढ़ाने और हजारों करोड़ रुपए की सौगात देने पर आभार भी व्यक्त किया। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा लंबे समय तक हर नागरिक को याद रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के भाषण को सुनने के लिए यमुनानगर में भारी तादाद में लोग रैली स्थल पर पहुंचे। थानेसर हलके से हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व लोग रैली में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी के हरियाणा दौरे से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा का दौरा विकास यात्रा को समर्पित रहा। इससे हरियाणा के बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों को नई गति मिली है। प्रधानमंत्री ने यमुनानगर में 800 मेगावाट की थर्मल पावर यूनिट का शिलान्यास किया इस इकाई से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावॉट तक बढ़ जाएगी।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नान स्टॉप गति से विकास कार्यों को गति दे रही

पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नान स्टॉप गति से विकास कार्यों को गति दे रही है। प्रदेश में सबका साथ-सबका विकास की नीति के तहत समान रुप से विकास करवाया जा रहा है। सुभाष सुधा ने कहा कि एक दिन में प्रधानमंत्री ने 2-2 विशाल जनसभाओं को सम्बोधित करके हरियाणा के इतिहास के साथ एक नए अध्याय को जोडने का काम किया है। इन जनसभाओं को सफल बनाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जाता है। पूर्व राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर सरकार ने हिसार में 410 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी और हिसार से अयोध्या के लिए व्यवासायिक उडान का शुभारंभ किया तथा हिसार हवाई अड्डे के लिए नए ट्रमिनल भवन की आधारशिला भी रखी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यमुनानगर में 8470 करोड़ रुपए की सौगात देने का काम किया। इतना ही नहीं 1 हजार 70 करोड़ रुपए की लागत से रेवाडी बाईपास योजना का उदघाटन भी किया।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज सामान चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया है। बिहटा के शक्ति सिंह ने 13 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अमरीक सिंह ने गाँव बीहटा में स्थित उसकी दुकान के गल्ले से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जांच किया है। पीड़ति महिला ने 21 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 जनवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 के दौरान आरोपी महिला व अन्य ने उसके मकान पर नाजायज कब्जा करने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बराड़ा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बराड़ा।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बालवाटिका 3 से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए 23 मई 2025 तक कक्षा तत्परता कार्यक्रम (सीआरपी) का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु ब्लॉक के सभी प्राइमरी विद्यालय के मुखियाओं और मेंटर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण 16 से 21 अप्रैल 2025 के बीच खंड स्तर पर किया जाना है।

### जिले में 78824.3 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 78824.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया है। इन मंडियों में अब तक 14076 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इन मंडियों में एजेंसियों ने गत दिवस तक 22.9 प्रतिशत के साथ 18014 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त ने एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

### जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बराड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग साहा द्वारा 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत एक ब्लॉक स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय समुदाय के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ ईशा रानी ने बाल विवाह की सामाजिक बुराइयों, बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर इसके दुष्प्रभाव तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समुदाय से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और बाल विवाह की किसी भी घटना को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### नुक्कड़ नाटक में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, के महिला प्रकोष्ठ द्वारा गांव बड़ागढ़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने की थीम पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में बाल विवाह की कुप्रथा के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराना था। नुक्कड़ नाटक में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अभिनय के माध्यम से बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभावों को दर्शाया।

### कई संचालक उड़ा रहे आदेशों की धज्जियां, एक संचालक ने तो स्कूल का ही नाम बदला

# गैर मान्यता से चल रहे 33 स्कूलों पर शिकंजा नए शिक्षा सत्र में दाखिले करने पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- अंबाला कैंट में 18 बिना मान्यता वाले स्कूलों की सूची तैयार की गई

जिले में बिना मान्यता चल रहे स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग शिकंजा कसने जा रहा है। मंगलवार को शिक्षा विभाग ने कई स्कूलों में जाकर स्कूल संचालकों को नए दाखिले न करने के आदेश दिए। विभागीय अधिकारियों ने संचालकों को तुरंत स्कूलों में तमाम तरह की गतिविधियां बंद करने के आदेश दिए हैं। हैरत की बात है कि इस कार्रवाई को कई स्कूल संचालक मानने को तैयार नहीं हैं। एक संचालक ने तो स्कूल का नाम बदलकर ही दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी। अब उसके खिलाफ आदेश की अवहेलना करने की कार्रवाई की बात कही जा रही है। दरअसल अंबाला कैंट में 18 बिना मान्यता वाले स्कूलों की सूची तैयार की गई है। इनको कई बार शिक्षा विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है, लेकिन स्कूल संचालक आदेशों को दरकिनार कर स्कूल संचालित कर रहे हैं। साथ ही स्कूल में नए दाखिले भी कर रहे हैं।



- बीईओ ने मौके पर पहुंच रुकवाए दाखिले
- छात्रों से दूसरे स्कूल में दाखिला लेने के दिए निर्देश
- मौलिक शिक्षा अधिकारी बोले आदेश न मानने वाले संचालकों के खिलाफ होगी ठोस कार्रवाई

#### शिकायत के आधार पर स्कूल संचालकों को चेतावनी भी दी

अंबाला छावनी के मच्छी मोहल्ला स्थित लिटिल एंजल स्कूल के पास मान्यता नहीं है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने इस स्कूल के संचालक को नोटिस जारी कर स्कूल बंद करने के निर्देश दिए लेकिन स्कूल संचालक ने अपने स्कूल का नाम ही बदल लिया। इसके बाद मंगलवार को शिक्षा अधिकारी स्कूल में पहुंचे और शिकायत के आधार पर स्कूल संचालकों को चेतावनी भी दी। इस पर स्कूल संचालक ने बच्चों को अन्य स्कूलों में शिफ्ट करने का आश्वासन दिया। लिटिल एंजेल स्कूल में पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों से मुलाकात कर बातचीत की।

#### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची जारी

शिक्षा विभाग की ओर से बिना अनुमति के चल रहे 33 निजी स्कूलों की सूची जारी की गई है। जिला मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से यह सूची जारी की गई है। इन स्कूलों के नाम की सूची विभाग ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए दी थी। साथ ही यह भी निर्देश दिए थे कि इन स्कूलों में दाखिला न हो मगर इन निजी स्कूलों में दाखिले हो चुके हैं। नए सत्र भी शुरू हो चुका है। अभी तक विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है। न ही स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। गैर मान्यता प्राप्ता स्कूलों की सबसे ज्यादा संख्या अंबाला खंड वन व टू में हैं। दोनों खंडों में 11-11 गैर मान्यता प्राप्त स्कूल हैं। इसी तरह साहा में पांच, बराड़ा में पांच और नारायणगढ़ का एक स्कूल भी इनमें शामिल है।

#### निरीक्षण किया जा रहा संचालकों के खिलाफ हो रही कार्रवाई: कालड़ा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले में 33 गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची जारी की गई है। इन स्कूलों में खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से निरीक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी दिए जा चुके हैं। अगर आदेश के बावजूद किसी स्कूल संचालक ने नए शिक्षा सत्र के लिए छात्रों के दाखिले किए हैं तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुछ गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालक आदेशों को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

#### चार स्कूलों को जारी की गई थी सूची

जिला मौलिक शिक्षा विभाग ने चार अप्रैल को सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय हरियाणा और उच्च न्यायालय की ओर से विभिन्न रिट याचिकाओं से जारी निर्देशों की अनुपालना में कार्यालय को प्राप्त 33 गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची भेजी गई है। यह संस्थान हरियाणा स्कूल शिक्षा नियम 2003 का उल्लंघन करते हुए संचालन जारी न रखें। साथ ही अभिभावकों को इन अनाधिकृत स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला न देने के लिए सूचित किया जाए। साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में विद्यार्थियों को दाखिला रोकने के लिए कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए थे। साथ ही इसकी रिपोर्ट भी सभी बीईओ से तीन दिन में मांगी गई थी लेकिन अभी भी कई ऐसे स्कूल हैं जहां अधिकारियों ने निरीक्षण नहीं किया है। ऐसे में यह स्कूल लगातार दाखिला कर रहे हैं। उन्होंने अपने अभिभावकों को बताने के लिए कहा कि जिस स्कूल में वह पढ़ रहे हैं, वह गैर मान्यता प्राप्त है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी बच्चे अपने अभिभावकों को इस बारे में जानकारी दे दें।

### कांग्रेस भवन की दुकान पर कब्जे के प्रयास चस्पाया नोटिस

**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित कांग्रेस भवन में बनी एक दुकान पर कब्जे के प्रयास हो रहे हैं। हालांकि अब कांग्रेस पदाधिकारियों की ओर से दुकान के बाहर नोटिस चस्पा दिया गया है। कांग्रेस के कुछ पदाधिकारियों ने पहले यह दुकान चिकित्सक दंपती को किराये पर दी थी। उनके देहांत के बाद अब दुकान पर कब्जा करने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस नेता परविंदर सिंह परी और अशोक जैन सहित अन्य ने मंत्रणा के बाद दुकान पर नोटिस चस्पा दिया जिससे कि कोई बाहरी व्यक्ति दुकान से संबंधित किसी प्रकार का कार्य न कर सके। दुकान से जुड़े पुराने किरायेदार के परिजनों को चाबियां जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। असल में निकल्सन रोड पर स्थित कांग्रेस भवन की एक दुकान चिकित्सक दंपत्ति को किराये पर दी गई थी। दंपति के निधन के बाद अब कुछ लोगों की दुकान पर नजर थी। इस बात की भनक कांग्रेसियों को लग गई।बीच बाजार के इस दुकान पर कब्जे की संभावनाओं को खत्म करने के लिए अब अब कांग्रेस की ओर से ठोस कदम उठाए गए हैं। इसी वजह से दुकान पर नोटिस चस्पा कर दंपत्ति के परिजनों को तुरंत चाबियां देने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले की सड़कें तय समय पर होंगी गड्ढा मुक्त

- उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि आमजन की सुविधा एवं यातायात की सुगमता के लिए सडक़ों का समुचित रखरखाव बेहद जरूरी है। गड्ढा मुक्त सडक़ें न केवल सुगम आवागमन को सुनिश्चित करती हैं बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को भी कम करती हैं। उपायुक्त मंगलवार को उनके कार्यालय के सभागार मे अयोजित सडक़ सुधार एवं सभी सडक़ों को गड्ढा मुक्त बनाने को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सडक़ों की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों को जिले की सभी सडक़ों को गड्ढा मुक्त को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख तथा आंतरिक सभी सडक़ों का भौतिक निरीक्षण कर गड्ढों की पहचान कर उनकी मुरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सडक़ें किसी भी जिले की आधारभूत संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। इनकी गुणवत्ता सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन स्तर को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उदेश्य प्रदेश की सभी सडक़ों को गड्ढा मुक्त सडक़े बनाना है। लोगों को सडक़ सुरक्षा एवं बेहतर यातायात सेवाएं मुहैया करवाना है। सभी अधिकारी कर्मठता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।



**अंबाला।** अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटो : हरिभूमि

## गैर शिक्षण स्टाफ को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

*एक दिवसीय आरोग्यम हेल्थ कैंप का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मंगलवार को इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल द्वारा एक दिवसीय आरोग्यम हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान के कर्मचारियों का स्वास्थ्य सबसे पहले है। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना है। जयंत चंदक, डिप्टी जनरल मैनेजर ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम, की महत्ता एवं निवारक स्वास्थ्य उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अजय चौहान रहे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. पूनम राजोरा ने किया। आयोजन में प्रो. अशोक काजल, प्रो. सुजाता, प्रो. मनीषा सैनी, प्रो. श्वेता गर्ग, डॉ. शक्ति बाजपेई और प्रो. शालीन भोला का विशेष योगदान रहा।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों ने विवि कंट्रोलर को सौंपा ज्ञापन

## परीक्षा विभाग में खामियों पर छात्रों को मर्सी चांस दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विवि ईकाई द्वारा मंगलवार को विवि में हो रही विभिन्न प्रकार की समस्या की जानकारी दी। एबीवीपी विवि ईकाई अध्यक्ष राहुल ने बताया कि 10 हजार से अधिक छात्रों रिजल्ट रोका है। जोकि विवि के डिपार्टमेंट ने इंटरनल मार्क्स समय नही भेजे थे। उपाध्यक्ष हिमेश यादव ने बताया कि विवि द्वारा 30 महीने से एनईपी कोर्स की 20 महीने से विधि विभाग के छात्रों को डीएमसी नहीं मिल रही। नगर कार्यालय मंत्री मयंक बंसल ने बताया कि विवि द्वारा 17 मार्च को विवि इकाई और 18 मार्च को कॉलेज की इकाई द्वारा कंट्रोलर सेमांग की थी कि स्पेशल चांस और मर्सी चांस दिया जाए। जिसके बाद 8 अप्रैल को विवि के वाइस चांसलर ने मांग को मांग लिया लेकिन अभी तक इसका नोटिफिकेशन जारी नही हुआ है। नगर मंत्री प्रतीक शर्मा ने बताया कि सभी यूजी, पीजी के नॉन एनईपी कोर्स के रिवॉल्यूशन जारी करें। विवि की गलती के कारण 500 छात्रों का रिजल्ट साइट पर भी नही दिख रहा है। विवि ने इन मांगों को लेकर संज्ञान नही लिया तो आने वाले दिनों वीसी रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।

## बाबा लाल जी मैं खाली नहीं जाना भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सतगुरु बाबा लाल दयाल महाराज की श्रीध्यानपुर गद्दी के महंत श्रीश्री 1008 महंत श्री रामसुंदर दास महाराज 20 व 21 अप्रैल को श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में आयोजित समागम में भाग लेंगे। समागम को लेकर श्री लालद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा नगर में प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को शहर की रामपुरा कॉलोनी में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

मंगलवार सुबह प्रभात फेरी रामपुरा कॉलोनी से आरम्भ हुई। पंडित रजनीश शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर इसे आरंभ करवाया। प्रभात फेरी में आगे बाबा लालजी का ध्वज लेकर श्रद्धालु चल रहे थे। उनके पीछे महिला संकीर्तन मंडली की सदस्य भजन गाते हुए चल रही थी। साथ ही पालकी में बाबा लालजी का मनमोहक स्वरूप प्रभात फेरी की शोभा को चार चांद लगा रहा था।

प्रभात फेरी जिस भी इलाके में गई श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा लाल जी के स्वरूप को माता टेकर आशीर्वाद लिया। प्रभातफेरी में महिला संकीर्तन मंडली से जैसे ही बाबा लाल जी मैं खाली नहीं जाना... भजन गाया तो श्रद्धालु झूम उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया।



यमुनानगर। श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी द्वारा रामपुरा कॉलोनी में निकाली गई प्रभातफेरी में भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

## विभाग ने स्कूलों में किताबें भिजवानी प्रारंभ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिलाभर के सरकारी स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है। स्कूलों में आने वाले विद्यार्थियों को इस सत्र में पढ़ाई के दौरान कोई परेशानी नहीं आए इसको लेकर शिक्षा विभाग द्वारा किताबें भिजवाई जा रही हैं। यह किताबें पहली से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मिलेंगी। अभी पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किताबें आना बाकी है। इस समय सरकारी स्कूलों में दाखिले जारी हैं। राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पुस्तकों के लिए हर साल की तरह इस बार परेशान नही होना पड़ेगा। विद्यार्थियों को इस बार नए सत्र में स्कूलों में छात्र संख्या के अनुसार समय से पुस्तकें मुहैया करा दी जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने पहले से ही योजना बना ली है। विभाग ने अधिकारियों की छात्र संख्या अनुसार किताबों की डिमांड मांगी थी, जो अधिकारियों की ओर से भेज दी गई है। समय से पुस्तकें मिलने से अध्यापकों को भी पढ़ाने में सहूलियत होगी। ऐसे में शिक्षा विभाग ने इस बार सत्र की शुरू होने से पहले पुस्तकें पहुंचाने की योजना बनाई है। विभाग की ओर से विद्यालयों से डिमांड ली थी।

## आद्य महालक्ष्मी रथयात्रा का स्वागत

*अग्रोहा से आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

अग्रोहा से अखंड ज्योत लेकर कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा निकाली जा रही है। तरावड़ी राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन की राजधानी अग्रोहा से अखंड ज्योत लेकर कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशावाद रथयात्रा क दक्षिण भारत भ्रमण के अंतर्गत नगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में चारमीनार स्थित भाग्य महालक्ष्मी मंदिर से शुरू हुई। भव्य आद्य महालक्ष्मी रथयात्रा के दौरान पहले रथ पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल व दक्षिण भारत के यात्रा संयोजक विशाखापट्टनम से चांद मल अग्रवाल दूसरे रथ पर तेलंगाना राज्य के अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल तीसरे रथ पर सवार हुए। हैदराबाद में महालक्ष्मी रथयात्रा में नरेश बंसल तरावड़ी, सतीश गोयल निसिंग, हैदराबाद से महावीर प्रसाद अग्रवाल चेयरमैन व प्रधान संयोजक मौजूद थे। रथयात्रा के दौरान रास्ते में पुष्प वर्षा होती रही। हैदराबाद की अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की टीम का जगह जगह सम्मान किया गया।



तरावड़ी से हैदराबाद में महालक्ष्मी रथयात्रा में हिस्सा लेते नरेश बंसल(

## बाबा साहेब जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

इस साल भी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती गांव पंजलासा में डॉ. भीमराव अंबेडकर चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से बड़ी धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ,गुरु रविदास ,भगवान वाल्मीकि ,ज्योतिबा फुले , सावित्री बाई फुले व उद्धम सिंह की शोभा यात्रा पूरे गांव में निकाली गई। इसमें गांव की सभी बिरादरियों ने पूरा सहयोग दिया। शोभा यात्रा का स्वागत चाय समोसा व खीर के साथ किया गया। सुबह 10 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यतिथि गांव की 2 बार की विजेता सरपंच नीतू देवी व उनके पति संजीव पंजलासा को आमंत्रित किया गया । सरपंच नीतूदेवी और संजीव ने बच्चों की प्रस्तुतियों को बहुत सराहा। इस अवसर पर कमेटी और नीतू के द्वारा ज्ञान दिखाओ प्रतियोगिता सीजन-3 में प्रथम द्वितीय व तृतीय बच्चों को पुरस्कृत किया गया व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया।



**नारायणगढ़।** मुख्यातिथि को बाबा साहेब का चित्र भेंट करते हुए।

**8वें वेतन आयोग का लाभ पेंशनर्स को भी मिले: जींद।** अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक जिला प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन जिला सचिव राजकुमार शयोकंद ने किया। बैठक में राज्य उपप्रधान छाजू नैन ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा 25 मार्च को संसद में वित्त विधेयक पारित करके 31 दिसंबर 2025 से पूर्व रिटायर को लाभ न देने का प्रावधान किया है।

## मोदी-सैनी की जोड़ी ने सपने को किया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष तायल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सैनी की जोड़ी विकसित भारत के सपने को साकार करने में लगी है। उन्होंने कहा कि इस जोड़ी ने प्रदेश के विकास को नए पंख लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धरा पर प्रधानमंत्री मोदी का आगमन कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। हिसार में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के पहले हवाई अड्डे से श्री अयोध्या धाम के लिए उड़ान का शुभारंभ तथा नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास किया तो वहीं मां यमुना के गोद में बसे यमुनानगर में भी दीनबंधु छोटू राम थर्मल पॉवर प्लांट की 800 मेगावाट की आधुनिक थर्मल पावर इकाई तथा प्रदेश के पहले सीबीजी प्लांट का भी शिलान्यास करके प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प रखा।



**अंबाला।** पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते आशीष तायल।

#### आभार जताया

इंफ्रास्ट्रक्चर को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए भारतमाला परियोजना के तहत रेवाड़ी बाईपास परियोजना को भी प्रदेश को समर्पित किया गया। तायल ने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से प्रदेश के 2.80 करोड़ लोग प्रधानमंत्री के आभारी रहेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में यह सभी परियोजनाएँ 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के संकल्प को अधिक तीव्र गति से आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने 100 दिनों के में संकल्प पत्र के 19 वादे पूरे कर दिए हैं।



**जींद।** व्याख्यान देते डा. गीता। फोटो :हरिभूमि

### जल संरक्षण पर व्याख्यान

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा जल संरक्षण पर विस्तारित व्याख्यान का आयोजन किया गया था। इस व्याख्यान को डा. पूजा भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. उपासना गर्ग कार्यवाहक प्राचार्या हिंदू कन्या महाविद्यालय ने किया। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व और इसके प्रासंगिकता पर जोर दिया और छात्राओं को जल संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। डा. गीता गुप्ता ने जल संरक्षण के महत्व और पर्यावरण पर इसके प्रभाव को रेखांकित किया। डा. नीलम रानीए कार्यक्रम की सदस्या ने कहा कि व्याख्यान ने छात्राओं को जल संरक्षण और इसके दैनिक जीवन में महत्व के बारे में जानने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005